<u>एमसीएल में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक 56वीं बैठक संपन्न</u>

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय में दिनांक 07.02.2018 को कंपनी स्तरीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक श्री बी.सी.त्रिपाठी,महाप्रबंधक(प्रबं.प्रशि.सं./राजभाषा/मासंवि),एमसीएल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

अध्यक्ष महोदय ने कहा कि हमें अधिक से अधिक कार्य राजभाषा हिंदी में करके अपने संवैधानिक दायित्व का निर्वाह करना है। एमसीएल राजभाषा नीति का पूर्णतया अनुपालन करने हेतु कृत संकल्प है। कार्यालयीन कार्यों में परस्पर सहयोग से ही हम हिंदी को आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने क्षेत्रों में नियमित रूप से तिमाही राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें एवं कार्यशाला आदि के आयोजन पर बल दिया।

डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा,हिंदी प्राध्यापक,हिंदी शिक्षण योजना,भारत सरकार, संबलपुर द्वारा एमसीएल में चलाये जा रहे हिंदी भाषा प्रशिक्षण के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

बैठक में मुख्यालय स्थित विभागों के विभागाध्यक्ष, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक/मुख्य नामित राजभाषा अधिकारी, भारत सरकार, हिंदी शिक्षण योजना, संबलपुर के हिंदी प्राध्यापक डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा एवं क्षेत्रों के नामित राजभाषा अधिकारी गण उपस्थित थे।

श्री बी.आर. साहू कलिहारी, सहायक प्रबंधक(सचिवीय/राजभाषा),राजभाषा विभाग,मुख्यालय द्वारा बैठक के सफल संचालन के साथ-साथ कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।

MCL

हरिश्चंद शर्मा

MCL